कार्यालय प्राचार्य, शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

क्रमांक : ..../स्था0/14 दिनांक :– 17.09.2014

प्रति

....

....

....

विषय :–कार्यशाला के संबंध में आमंत्रण।

सन्दर्भः–पत्र क्र. 04/संचालक/2014–15 उच्चशिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल दिनांक 16.09.2014।

अत्यंत हर्ष के साथ यह विदित हो कि शा. होलकर विज्ञान महाविद्यालय,इंदौर द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 27.9.2014 को प्रदेश के चुनिंदा महाविद्यालयों का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थाओं से साझेदारी करने हेतु प्रदेश के चयनित 12 महाविद्यालयों की साझेदारी की कार्य योजना के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन डॉ.डी.पी सिंह, कुलपति दे.अ.वि.वि., इन्दौर के मुख्य आतिथ्य में होगा जिसमें भागीदारी संस्था के प्राचार्य एवं एक–एक संकाय सदस्य उपस्थित रहेंगे।

जिसमें आपकी उपस्थिति सादर वंदनीय है।

<u>कार्यक्रम का विवरणः–</u>

1. रजिस्ट्रेशन – प्रातः 10.00
2. कार्यशाला शुभारंभ – प्रातः 11.00
3. प्रेजेन्टेशन – अपरान्ह 12.00
4. दोपहर भोजन – अपरान्ह 02.00 से 03.00
5. गोष्ठी/चर्चा – अपरान्ह 03.00 से 5.30 तक

प्रतिभागी प्रेजंटेशन सत्र में 10 से 15 मिनिट में अपने महाविद्यालय का प्रस्तुतीकरण निम्न बिंदुओं पर करेंगें –

1. महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय, विषयवार विद्यार्थियों तथा संकाय संदस्यों की संख्या।
2. महाविद्यालय में शोध की स्थिति –जनरल,शोध पत्र प्रकाशन,शोध परियोजना आदि की स्थिति।
3. महाविद्यालय में पुस्तकालय की विशिष्टताऐं एवं कमियॉ, Inflibnet के N-List प्रोग्राम की स्थिति।
4. महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं की विशिष्टताऐं एवं कमियॉ।
5. विषयवार संकाय सदस्यों की विशिष्टताओं के क्षेत्र – शिक्षण एवं शोध हेतु।
6. यूजीसी/ अन्य ऐजेंसी से अनुदान की स्थिति।
7. महाविद्यालय के साथ अन्य संस्थाओं की साझेदारी की वर्तमान स्थिति।
8. महाविद्यालय में नवाचार के प्रयास।
9. महाविद्यालय को प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार।
10. वैसे क्षेत्र/विषय/शीर्षक जिसमें अन्य भागीदार संस्थाओं से सहयोग अपेक्षित है।

कृपया उक्त कार्यशाला में उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा अपने पावर पाईंट प्रस्तृति की एक हार्ड कॉपी भी साथ लेकर आये। आमंत्रित अतिथियों की व्यवस्था दे.अ.वि.वि. के ए.बी. रोड़ स्थित गेस्ट हाउस पर स्वयं के व्यय पर की गई है।

डॉ. आर.के तुगनावत

प्राचार्य